and 1986-87 are as follows. The names of stations depend on the acceptance of demand notes.

(1); North Area (Bareilly)i—One SAX at Gaisain (Chamoli District) has already been opened in the current year 1985-86. There is a proposal of opening 4 more SAXs and 15 LD PCOs in 1985-86. For the year 1986-87 there is a proposal of opening 5 SAXs and 30 LD PCOs in this area.

(2) East Area (Varanasi)—3 SAXs at Tindwari (Banda Dist.) Fariha (Azamagarh) and Raja Talab (Varanasi) have already been opened during 1985-86. One LD PCO has been opened at Bidon (Allahabad). There is also a proposal for opening 8 more SAXs and 20 LDPCOs during 1985-86. 8 SAX_S and 58 LDPCOs are proposed to be opened during 1986-87.

(3) West Area (Dehradun) — There is a proposal of opening of 5 SAXs and 15 LDPCOs during 1985-86. 5 SAXs and 40 LDPCOs are proposed to be opened during the year 1986-87.

(4) Central Area (Lucknow)— There is a proposal of opening 5 SAXs and 30 LDPCOs during 1985-86. 5 SAXs and 70 LDPCOs are proposed to be opened during the year 1986-87.

तेल उत्पादन

996. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :** क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उन स्थानों के नाम क्या हैं जहां तेल निकाला जा रहा है और प्रत्येक स्थान की वार्षिक उत्पादन क्षमता कितनी है तथा देश की कुल मांग का कितना भाग देश में निकले तेल द्वारा पूरा किया जा रहा है और कितनी मात्रा में कच्चे तेल का आयात किया जा रहा है ;

(ख) उन स्थानों के नाम क्या हैं जहां पेट्रोलियम पर आधारित पैट्रो-रसायन संयंत्र चल रहे हैं या चलाए जाने की संभावना है ; और

(ग) बिहार में बरौनी तेल शोधक कारखाने पर आधारित पेट्रो-रसायन संयंत्रों के किस तारीख तक स्थापित होने की संभावना है और यदि ऐसा कोई संयंत्र स्थापित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है तो उसके क्या कारण हैं ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री नवल किशोर शर्मा) : (क) असम, अरुणाचल प्रदेश, गुजरात तथा बम्बई हाई अपतट में क्रूड आयल का उत्पादन किया जाता है । इन क्षेत्रों से अप्रैल-सितम्बर, 1985 के दौरान किया गया उत्पादन इस प्रकार है :—

	उत्पादन मिलियन टनों में
असम और अरुणाचल प्रदेश	2.50
गुजरात . .	2.10
बम्बई हाई अपतट . .	9.69
	14.29

देश में किये गये उत्पादन से राष्ट्र की 64% मांग की पूर्ति होती है । वर्ष 1984–85 के दौरान लगभग 13.6 मिलियन टन क्रूड आयल का आयात किया गया ।

(ख) इस समय पेट्रोलियम पर आधारित मुख्य पेट्रो-केमिकल्स संयंत्र बम्बई बड़ौदा तथा बोंगाईगांव में कार्यशील है। महाराष्ट्र गैस क्रैकर की स्थापना नागोथाणे, महाराष्ट्र में की जा रही है ।

(ग) ऐसी परियोजनाओं की स्थापना तकनीकी-आर्थिक दृष्टियों से विचार करने के उपरान्त की जाती है । इस समय ऐसी कोई परियोजना विचाराधीन नहीं है ।